time to time. A scheme for augmentation of water supply is under execution.

### Demands of Employees of Foreign Traffic Accounts Office, Delhi (Western Railway)

2193. SHRI MOHAMMAD ISMAIL : Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state :

(a) whether meetings and demonstrations were held in the Foreign Traffic Accounts Office Western Railway, Delhi on the 27th August, 17th September and 22nd October, 1971;

(b) if so, the demands of the employees and the reasons for not acceding to the same up till now; and

(c) the steps taken by Government to finalise the matters ?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI K. HANUMANTHAIYA) : (a) Yes, on the 28th August, 17th September, and 22nd October, 1971.

(b) and (c). The demands of the employees were :

(1) promotion of Class IV staff to Class III cadre;

(2) filling up existing vacancies;

(3) creation of additional posts in Foreign Traffic Accounts Office;

(4) supply of adequate uniforms to Class IV staff;

(5) action against certain staff of Foreign Traffic Accounts Office for alleged misbehaviour towards a Daftry; and

(6) allotment of quarters.

As regards (1) and (2) above, a written test for selection of Class IV staff for promotion to Class III cadre and to fill up the existing vacancies thereby has been held on 24-11-1971.

As regards (3), creation of 17 posts has been ordered. The question of creation of additional posts, as also the demands listed at items (4) to (6) is under consideration.

### Export of Persian Carpets

2194. SHRI G. Y. KRISHNAN : Will the Minister of FOREIGN TRADE be pleased to state :

(a) whether India is exporting Persian Carpets; and

(b) if so, the capacity per year for their manufacture in the country and the amount of foreign exchange earnings on account of export thereof annually ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FOREIGN TRADE (SHRI A. C. GEORGE) : (a) Persian type carpets are exported from India.

(b) The production of Persian design carpets in the country is approximately Rs. 160 lakhs annually. It could be organised upto Rs. 300 lakhs annually or more depending upon the demaud from foreign countries. No export statistics of Persian design carpets are maintained separately.

### पश्चिम रेलवे के कर्मचारियों को मकान

2195. श्री भागीरथ भंवर : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पश्चिम रेलवे में ऐसे अधिकारियों तथा कर्मचारियों की बम्बई, बड़ौदा, रतलाम, कोटा, उदयपुर, अहमदाबाद, भावनगर, राजकोट और जयपुर आदि में अलग-अलग संख्या कितनी है जो कि विभागीय तौर पर क्वार्टर प्राप्त करने के पात्र हैं परन्तु जिनको सरकारी क्वार्टर नहीं दिये गये हैं; और

(ख) क्या रेलवे अधिकारियों तथा

कर्मचारियों की आवास समस्या को हल करने के लिए सरकार ने कोई योजना बनाई है ?

रेल मंत्री (श्री के० हनुमन्तैया) : (क) और (ख). सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी ।

### उच्च श्रेणी रेलवे कंडक्टर, श्री दुबे पर घातक हमले के षडयंत्र की शिकायत

2169. श्री भागीरथ भंवर : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 11 अक्तूबर, 1971 को पश्चिम रेलवे के कोटा स्टेशन पर उच्च श्रेणी के रेलवे कंडक्टर श्री एस० डी० दुबे, पर घातक हमले के षडयंत्र के बारे में शिकायत किस तारीख को प्राप्त हुई थी;

(ख) क्या कोटा के डिवीजनल सुपरिटेंडेंट को श्री दुबे पर घातक हमले के षडयंत्र के बारे में पूर्व सूचना दे दी गयी थी; और

(ग) शिकायत का सारांश क्या है और उस पर अब तक क्या कार्यवाही की गई ?

रेल मंत्री (श्री के हनुमन्तैया) : (क) से (ग). 15-8-1971 को मण्डल अधीक्षक, कोटा को श्री दुबे से एक शिकायत मिली थी लेकिन उसमें श्री दुबे पर किसी घातक हमले के षडयंत्र का उल्लेख नहीं था । शिकायत, पहले दर्जे के सवारी डिब्बे पर स्टेशन हाउस अधिकारी, सरकारी रेलवे पुलिस, कोटा, एक चल टिकिट परीक्षक और एक बाहरी व्यक्ति द्वारा अनियमित रूप से कब्जा करने के संबंध में थी । सरकारी रेलवे पुलिस अधिकारी, कोटा ने श्री दुबे को भयंकर परिणामों की धमकी दी थी । यह शिकायत जांच के लिए पुलिस अधिकारियों को भेज दी गयी थी ।

### जोधपुर स्टेशन पर बेकार पड़े आयल टैंक

2197. श्री महा दीपक सिंह शाक्य : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राजस्थान राज्य में जोधपुर स्टेशन पर आयल टैंक कुछ दिनों से लेकर महीनों तक बेकार पड़े रहते हैं;

(ख) क्या इस कारण रेलवे विभाग को प्रतिवर्ष लाखों रुपए की हानि उठानी पड़ती है; और

(ग) यदि हाँ, तो इसके लिए उत्तरदायी कर्मचारियों के विरुद्ध सरकार ने क्या कार्यवाही की है ?

रेल मंत्री (श्री के० हनुमन्तैया) : (क) पिछले छ: महीनों के दौरान ऐसे कुछ मौके आये जबकि जोधपुर भंडार डिपो, उत्तर रेलवे को बुक किए गये लदे टंकी माल-डिब्बे कुछ दिन तक रोके गये । ऐसा तब हुआ जब माल डिब्बे सामान्य सप्लाई क्षमता से अधिक संख्या में प्राप्त हुए ।

(ख) और (ग). चूंकि टंकी माल डिब्बों के इस प्रकार रुके रहने से रेल परिसम्पत्तियों के उपयोग पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, अतः यह सुनिश्चित करने के लिए कार्यवाही की गई है कि इस यातायात की बुकिंग नियमित की जाय ताकि डिपो की सप्लाई क्षमता से अधिक माल-डिब्बों की बुकिंग न होने पाये । इस आशय की भी हिदायतें जारी करदी गयी हैं कि यदि ऐसे माल-डिब्बे एक साथ आ जायें तो उन्हें अविलम्ब मुक्त करने का विशेष प्रयास अवश्य किया जाय ।

### Foreign Exchange earned by Exporting Manganese Ore

2198. SHRI RAJA KULKARNI : Will the Minister of FOREIGN TRADE be pleased to state :